प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## बालनिलयम जूनियर हाईस्कूल की परीक्षा का परिणाम घोषित

विश्वविद्यालय के बालनिलयम जूनियर हाईस्कूल विद्यालय की वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया, जिसमें अंको के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हिन्दी व अंग्रेजी सुलेख एवं कला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, सर्वाधिक उपस्थिति तथा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 68 विद्यार्थियों को, प्रबंधक डा. अर्चना कुशवाहा द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी इस अवसर पर छात्रवृत्ति दी गयी। विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा। प्रबंधक ने इसके लिए अध्यापिकाओं के शिक्षण कार्य एवं अभिभावकों के सहयोग की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका डा. मंजु जोशी, परीक्षा प्रभारी डा. जया जोशी, श्रीमती विजया शुक्ला सहित विद्यालय की सभी अध्यापिकाएं, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित थे।